**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक/एफ–5/907/2019/10–11/1374 भोपाल, दिनांक 13/05/2020

प्रेषक :–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र केन्द्रीय पर्यावरण भवन,
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– सतना जिले में बाणसागर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत इनटेकवेल के निर्माण हेतु 1.300 हेक्टेयर वन भूमि म0प्र0 जल निगम मर्यादित, सतना को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक 6-MPB05/2020-BHO/BH-24 दिनांक 23/04/2020

----0----

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने प्रकरण की सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी करने के पूर्व 03 बिन्दुओं पर अतिरिक्त जानकारी चाही गई है, जो निम्नानुसार है :–

1. बिन्दु क्रमांक–1 के पालन में वन अधिकार अधिनियम के तहत कलेक्टर, जिला सतना का प्रमाण पत्र औपचारिक स्वीकृति के पूर्व प्रस्तुत कर दिया जावेगा।

2. बिन्दु क्रमांक–2 के संबंध में लेख है कि आवेदक संस्था द्वारा जो 29.574 हेक्टेयर गैर वन भूमि उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें से मात्र 22.574 हेक्टेयर ही वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है, जिसकी 11 वर्षीय योजना तैयार की गई है। यह योजना निम्न ऑनलाईन प्रकरणों में समाहित की जावेगी :–

| अनुक्र. | ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक | रकबा हेक्टेयर में |
|---|---|---|
| 1 | FP/MP/WATER/40363/2019 | 1.30 |
| 2 | FP/MP/WATER/37311/2018 | 3.1352 |
| 3 | FP/MP/WATER/38767/2019 | 10.515 |
| | Total- | **14.9502 (हेक्टे.)** |

आवेदक संस्था से प्राप्त 22.574 हेक्टेयर राजस्व भूमि उपरोक्त तीनों प्रकरणों में अभी समायोजित की जा रही है। शेष 7.6238 हेक्टेयर अन्य परियोजना में समायोजित की जावेगी, जिसकी सूचना पृथक से दी जावेगी।

3. बिन्दु क्रमांक–3 के पालन में 11 वर्षीय वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना ऑनलाईन भाग–2 के अतिरिक्त कॉलम में अपलोड कर दी गई है एवं हार्ड कापी में संलग्न प्रेषित है।

अतः अनुरोध है कि आपके चाहे अनुसार कमियों की पूर्ति हो गई है। प्रकरण की सैद्धान्तिक स्वीकृति जारी करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

13/5/2020

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 907 / 2019 / 10–11 / 1375 भोपाल, दिनांक 13/05/2020

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, रीवा वृत्त रीवा, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल सतना, मध्यप्रदेश।
3. प्रबंधक, म0प्र0 जल निगम मर्यादित, क्रियान्वयन इकाई, मकान नं0–64, लाईन नं0–1, गली नं0–3, विराट नगर, सतना, म0प्र0।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

13/5/2020

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल